
































































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट- हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद- सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# अनुराग कश्यप की निशांची का टीजर हुआ रिलीज, 19 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म




दिल थाम लीजिए क्योंकि अमेजन स्त्रक स्टूडियोज इंडिया पेश कर रहा है निशानची की एक खास झलक! इस अपकमिंग थिएट्रिकल फिल्म का ऑफिशियल टीजर आ गया है और इसमें है भरपूर मसाला, इमोशंस, ड्रामा और ढेर सारा स्वैग. अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म एक दमदार देसी एंटरटेनर लग रही है जिसमें है एक तगड़ा तड़का एक्शन, ह्यूमर और सब कुछ फिल्मी अंदाज का.

निशानची को अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है. फिल्म की कहानी प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप ने लिखी है. 19 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही ये फिल्म दो भाइयों की उलझी हुई जिंदगी को दिखाएगी, जो बिल्कुल अलग रास्तों पर चलते हैं और कैसे उनके फैसले उनकी तकदीर तय करते हैं. देसी मिट्टी की खुशबू लिए ये कहानी आपको एक ऐसे दुनिया में ले जाएगी जो असली, जोशीली और पूरी तरह देसी रंग में रंगी हुई है.

टीजर की शुरुआत होती है एक दमदार लाइन से बिना बॉलीवुड, काहे का जिंदगी कैसे जिए? और बस, यहीं से आप घुस जाते हैं एक ऐसी दुनिया में जो म्यूजिक, डांस, तगड़ी एक्शन, बिना फिल्टर के ड्रामा और डबल धमाल से भरी है. यहां मिलते हैं बबलू (ऐश्वर्य ठाकरे) से एक रंग–बिरंगा लोकल हीरो, जो अपनी स्टाइल और एटीट्यूड में कमाल है. उसके साथ दिखती हैं रिंकू (वेदिका पिंटो), जो हर कदम पर बबलू को टक्कर देती है.

लेकिन तभी होता है असली ट्विस्ट यानी एंट्री होती है डबलू की. अम्मा (मोनिका पंवार) का आज्ञाकारी बेटा डबलू, उतना ही संस्कारी है जितना बबलू जुगाड़ू है. और भाई, बिना मसाले के देसी फिल्म कैसी? फिर टीजर में दिखते हैं कुछ मजेदार कैरेक्टर्स कमाल अजीब (मोहम्मद जीशान अय्यूब) जो कभी समझ नहीं आता, लेकिन नजरें नहीं हटतीं उनसे. और अंबिका चाचा (कुमुद मिश्रा), बाहर से शांत लेकिन अंदर से पूरे खेल वाले.

इसके साथ बजता है एक जबरदस्त बीट्स वाला गाना, जो और भी एनर्जी भर देता है माहौल में. फिर दिखती है सीटी–मार एंट्रीज, बड़े–बड़े किरदार और भरपूर ड्रामा. अगर टीजर पर भरोसा किया जाए, तो निशानची थाकई में देगा आपको देसी अंदाज में तगड़ा एंटरटेनमेंट: भरपूर धमाके, रॉ इमोशंस और अनुराग कश्यप का अलग ही टच.

तो तैयार हो जाए, क्योंकि निशानची 19 सितंबर को पूरे भारत के थिएटरों में लेकर आ रही है कृ गोलियां, गद्दारी और जबरदस्त भाईचारा.





